Chapter- 15

# सब्ज़ीवाला

## STUDY NOTES

### मूलभाव-

- पत्तीदार हरी शाक-सब्ज़ियाँ शरीर के उचित विकास एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होती है।
- 'सब्ज़ीवाला' कविता के माध्यम से कवि बच्चों को तरह तरह के सब्ज़ी तथा उनके नाम से परिचय करवायें हैं। जिससे बच्चे सब्ज़ियों के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर पाएँगे।
- बैंगन के सर पर ईश्वर ने पहले से ताज़ बनाया है। इसलिए इसे हम सब्ज़ियों के राजा कहते हैं।
- कद्दू आकार में सबसे बड़ा होता है।
- प्याज़ को काटने पर आँखों से आँसू निकलते हैं।
- मिर्च का स्वाद तीखी होती है।
- आलू दुनिया के सभी भागों में पाया जाता है।
- कटहल को कच्चा और पक्का दोनों तरह से खाते हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**सारांश-** एक सब्ज़ीवाला कई तरह की सब्ज़ियाँ ठेला पर सजाकर बेचने के लिए लाता है। उस ठेले में आलू, अरबी, कचालू, गोभी, बैंगन, मिर्च, टमाटर, भिंडी, मटर, कटहल, अदरक, नींबू और लहसुन आदी सब्ज़ियाँ थी।

### नए शब्द और उनके अर्थ-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सब्ज़ीवाला | - | वह जो सब्ज़ी बेचता हो। | मटकना | - | लचक |
| संग | - | साथ | सिमटी | - | सिकुड़ना |
| रोब | - | प्रभाव जमाना | हलचल | - | हिलने या डोलने की प्रक्रिया |

## सब्ज़ियों के नाम-


आलू


गोभी


प्याज़


टमाटर


बैंगन


अरबी


कचालू


मिर्च


मटर


भिंड़ी


कटहल


अदरक


नींबू


लहसुन


लौकी


करेला

# अभ्यास कार्य

**मौखिक-**

१. **श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।**

सब्ज़ी, ताज़ी-ताज़ी, संग, भिंडी, शरम, रोब, हलचल

२. **कम-से-कम शब्दों में उत्तर बताइए।**

क) सब्ज़ीवाला कैसी सब्ज़ियाँ लेकर आया है?

उ: ताज़ी - ताज़ी

ख) ठेले में कौन-कौन सी सब्ज़ियाँ है?

उ: आलू, अरबी, कचालू, गोभी, बैंगन, मिर्च, टमाटर, भिंडी, मटर, कटहल, अदरक, नींबू तथा लहसुन।

ग) आपको कौन-सी सब्ज़ी सबसे ज्यादा पसंद है? (पसंद अनुसार लिखें)

उ: भिंडी

**लिखित-**

१. **नीचे दिए गए शब्दों के आधार पर रिक्त स्थान भरिए।**

(ताज़ी-ताज़ी, हलचल, मटक, नरम-नरम)

क) लेकर सब्ज़ी **ताज़ी-ताज़ी** लो आया है सब्ज़ीवाला।

ख) आलू के संग **मटक** रहे हैं अरबी और कचालू।

ग) एक ओर लुक-छिपकर बैठी भिंडी **नरम-नरम** सी।

घ) अदरक, नींबू, लहसुन की भी बड़े मज़े की **हलचल**।

२. **निम्नलिखित में सही (✓) और गलत (✕) का चिह्न लगाइए।**

क) आलू सब्ज़ियों का राजा है। (✕)

ख) भेलपूरी में प्याज़ को डाला जाता है। (✓)

ग) मिर्च स्वाद में मीठी होती है। (✕)

घ) कद्दू के सिर पर मुकुट होता है। (✗)

ङ) बैंगन सब्ज़ियों का राजा है। (✓)

**३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

क) ठेले पर सबसे आगे कौन-सी सब्ज़ी है और कहाँ की है?

उ: ठेले पर सबसे आगे आलू है, यह शिमला की है।

ख) लुक-छिपकर कौन सी सब्ज़ी बैठी हुई है?

उ: लुक-छिपकर भिंडी बैठी हुई है।

ग) बडे मज़े की हलचल किन सब्ज़ियों की है?

उ: अदरक, नींबू तथा लहसुन बडे मज़े की हलचल की है।

घ) मटर ठेले में किस तरह बैठी हुई है?

उ: मटर ठेले में शरमाकर बैठी हुई है।

ङ) कौन सी सब्ज़ी काटते वक्त हमारे आँसू निकलते हैं?

उ: प्याज़ को काटते वक्त हमारे आँसू निकलते हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**भाषाज्ञान-**

**आइए जानें-**

**१. सब्ज़ी तथा उनके स्वाद।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मिर्च | तीखी | आम | मीठा / खट्टा |
| करेला | कडुवा | अंगूर | खट्टे - मीठे |
| इमली | खट्टी | तरबूज़ | मीठा |

**विषय संबंर्धक क्रियाकलाप:**

१. सब्ज़ियों का राजा किसे होना चाहिए? बताइए।

उ: सब्ज़ियों का राजा बैंगन को होना चाहिए क्यों कि प्रकृति ने उसके सिर पर पहले से ही ताज़ बनाया है और यह बहुत लाभकारी सब्ज़ी है।

२. नीचे दिए गए फल और सब्ज़ियों की एक-एक विशेषता लिखिए।

उ: लौकी - यह सब्ज़ी लम्बी ओर गोलाकार आकार में पाई जाती हैं। इसका रस पीने से मधुमेह रोग से मुक्ती मिलती है।

पालक - पालक आंख, त्वचा तथा बालों के लिए फायदेमंद है।

अनार - अनार खाने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। इससे दिल-दिमाग दुरूस्त रहता है।

आँवला - इसमें विटामिन-सी' होती है, जीससे शरीर स्वस्थ रहती है।

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow